साप्ताहिक नारद

Saptahik Narad

a bilingual newsletter in Hindi and English

Vol. 2 Issue 27 July 01, 2025 Editor: Srikant Pathak

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव ।

यद् भद्रं तन्न आ सुव O Lord, remover of all impurities, inspire our intellect and guide towards the path of righteousness. May we always be blessed with auspiciousness and goodness



The views and opinions expressed in this newsletter are those of the author and do not necessarily reflect the policy or position of the publisher. The content provided is for general informational purposes only and should not be considered as professional advice. Furthermore, the publisher shall not be liable for any losses, injuries, or damages arising from the use or reliance on this information in the newsletter. Readers are encouraged to seek independent professional advice before making any decisions based on the content of the blog.
Contributions to this blog are voluntary. No monetary compensation, gifts, or incentives are provided for submitted content. Contributors are appreciated for their insights and expertise, and their work is published purely for the purpose of engaging and informing our readers

Is Peace Achieved Through Strength? —

Perspectives from Global Thinkers and Leaders

"Now is the time for peace."
— Donald Trump (Former President of the United States)

"To be prepared for war is one of the most effective means of preserving peace."
— George Washington (First President of the United States)

"Peace is achieved through strength, never through weakness."
— Benjamin Netanyahu (Prime Minister of Israel)

"If I have to choose between cowardice and violence, I will choose violence."
— Mahatma Gandhi

"Do not think that I came to bring peace on earth. I did not come to bring peace but a sword."
— Bible (Matthew 10:34)

"Even if a snake is not poisonous, it should pretend to be venomous."
— Chanakya

Historical Perspective:

Such statements have been made many times in the past as well:

During the Vietnam War, the United States spoke of "peace" after heavy bombing campaigns.

In the Russia-Ukraine war, Putin repeatedly talked about "peace talks" even after launching attacks.

In India-Pakistan relations too, after the Kargil War, Musharraf said, "Now there should be peace going forward."

‘Sardar Ji 3’ Banned in India

Sardar Ji 3 Controversy: Clash Between Art, Politics, and National Identity



[Contributed by Piter Mendonca]

The tension between India and Pakistan is not limited to borders and diplomacy; it is deeply intertwined with national identity, history, and emotions. In the aftermath of terrorist incidents and military actions, nationalist sentiments often intensify.

When Hania Amir called “Operation Sindoor” an act of “cowardice,” many in India perceived it not merely as a personal opinion but as an insult to the country’s martyrs and armed forces.

In such politically sensitive times, statements and appearances by artists often become political symbols. This controversy extended beyond cinema, exposing the conflict between cultural rights and political symbolism.

Artists are aware of their social influence. When they speak on political or sensitive issues, their statements often spark controversy. In a democracy, artists have the right to express their opinions — and that is the soul of art. However, when it comes to sensitive matters, understanding national sentiments and security concerns is also essential.

The ‘Sardar Ji 3’ controversy raises the question: Should Hania Amir have better understood the political and social context before making her statement?

The imbalance in opportunities for artists from India and Pakistan reflects the political gulf between the two countries. In India, the presence of Pakistani artists is often viewed as a cultural bridge, based on shared heritage and linguistic-cultural ties. In contrast, in Pakistan, the political environment and security concerns create obstacles for Indian artists.

This imbalance shows that social and political efforts are necessary to promote cultural cooperation. Social media has become a rapid medium for the spread of artists' statements and public reactions. Hania Amir’s statement went viral within minutes, sparking emotional reactions. Boycott

campaigns and rising nationalism on social media further intensified the controversy.◊◊

Editorial

Why Both Sides Claim Victory After a Ceasefire

Governments need to project strength to their own citizens. Ceasefires often follow intense military escalation. No side wants to admit defeat, especially when lives have been lost and national pride is at stake.

Claiming victory maintains public morale and helps leaders avoid political backlash.

Iran-Israel Conflict: Iran claimed to have "deterred Israeli aggression" by launching retaliatory strikes. Israel claimed it "successfully intercepted" most of the attacks and neutralized threats.
Both projected a **defensive success narrative**, reinforcing their internal legitimacy.

Wars often do not have clear-cut winners, especially limited or proxy conflicts. A ceasefire may come not because one side "won", but because escalation became too risky. **By claiming victory, each side masks compromises made behind closed doors.**

State-controlled or loyal media often amplify “our side won” messaging. In authoritarian or highly nationalistic states, dissenting views are suppressed.

Both countries want to **deter future attacks** by appearing strong.

If either admits weakness, it could embolden adversaries or internal challengers.

After ceasefires, countries face scrutiny from allies and global institutions. **Claiming victory preserves international reputation** and helps negotiate favorable terms.

In Israel**-Iran** war or any war **perception matters more than battlefield metrics**. The reality may be a strategic stalemate, but both sides claim a win to serve **political, psychological, and diplomatic** objectives.◊◊

Vasanth Kumar Shivshankar Padukone aka: Guru Dutt

(09/07/1925 – 10/10/1964)



[Contributed by Shivanshu Mali Tuntun]

Guru Dutt was born into a Chitrapur Saraswat Brahmin family in the Konkan region. Both his parents were teachers, and as a result, he inherited a legacy of education and culture from early childhood. This greatly influenced his literary and artistic inclinations.

His childhood was spent in Bhawanipur, Kolkata, where the rich intellectual and cultural atmosphere helped shape his mature worldview. Due to economic hardships and domestic discord between his parents, he chose to change his birth name to "Guru Dutt"—a name that would later become legendary in Indian cinema.

At the age of sixteen, he went to Almora and studied dance, music, and theatre for five years on a ₹75 scholarship. Returning to Kolkata, he took up a job as a telephone operator to make ends meet. However, the job failed to satisfy his creative spirit, and he soon left for the city of dreams—Mumbai.

In Mumbai, he began work as a contracted choreographer at the Prabhat Film Company in Pune. He made a small acting appearance in the company's film *Chaand*. During this period, he frequently interacted with actors Rehman and Dev Anand at V. Shantaram's Kala Mandir studio—this friendship would eventually lead to key collaborations.

After gaining experience as a choreographer and actor, he also served as an assistant director, honing his understanding of filmmaking. At one point, disillusioned with the industry, he began writing short stories for the English weekly *The Illustrated Weekly*. During this decisive phase of struggle, he penned a deeply introspective and autobiographical screenplay titled *Kashmakash*, which was later made into the film *Pyaasa* (1957), directed by Guru Dutt himself—a cinematic masterpiece that immortalized him as a filmmaker.

He began his directorial career with *Baazi* (1951), laying a strong foundation for his emotional and artistic vision. This was followed by *Jaal* (1952), *Mr. and Mrs. 55* (1955), and then *Pyaasa* (1957)—a poignant portrayal of despair that left a lasting impact on society's disillusioned class and firmly established him as a master of classic cinema. In 1959, he directed *Kaagaz Ke Phool*, India's first CinemaScope film, which though a commercial failure at the time, later gained cult status.

Guru Dutt's use of the camera was poetic. As a child, he would play with the shadows of his grandmother's prayer lamp on his palms—this fascination with light and form evolved into a cinematic aesthetic characterized by intense close-ups and melancholic visuals filled with artistic elegance.

Other memorable films in which he acted (and sometimes produced or directed) include *Kaala Bazaar*, *Chaudhvin Ka Chand* (1960), *Sahib Bibi Aur Ghulam* (1962), *Bharosa* (1963), and *Suhagan* (1964). His films often blended realism with lyricism, and he excelled in storytelling that explored loneliness, longing, and societal alienation.

Despite being a successful director, choreographer, writer, and actor, his personal life remained turbulent. Romantic instability, repeated emotional isolation, and two suicide attempts marked his private struggles.

On October 10, 1964, Guru Dutt was found dead at his residence on Peddar Road, Mumbai, reportedly due to a fatal overdose of alcohol and sleeping pills.

Guru Dutt remains an extraordinary artist whose sensitivity, creative brilliance, and poetic sadness continue to define the golden era of Indian cinema.◊◊

The Transitioning Indian Cricket Team

A Journey Through Peaks, Lows, and Resurgence

[Contributed by Tribhuvan Choubey]

Cricket in India is more than just a sport; it's an emotion, a tradition, and a narrative of triumphs and struggles written by generations of legends. The

Indian cricket team has seen its glorious peaks and endured its heart-wrenching lows. Throughout its history, the team has been blessed with extraordinary talents who have not only elevated the game but have cemented their legacy in the cricketing hall of fame.



When Australia boasted the genius of Don Bradman, India responded with the batting maestro Sachin Tendulkar. Similarly, while the West Indies had Garfield Sobers, India found its answer in Sunil Gavaskar. In the realm of spin bowling, while Shane Warne became the face of Australia's legendary spin artistry, India countered with a quartet of brilliance: Bishan Singh Bedi, Bhagwat Chandrasekhar, Erapalli Prasanna, and Srinivas Venkataraghavan.

This formidable spin quartet was instrumental in transforming India's cricketing narrative. Each bowler brought a distinct style to the table. Bedi’s orthodox left-arm spin mesmerized batsmen with precision and guile, while Chandrasekhar’s leg-breaks and lethal googlies dismantled batting orders. Prasanna and Venkataraghavan, both off-spinners, added their unique touch, forcing opposition batsmen to constantly recalibrate their techniques and strategies.

Between them, the quartet played 231 Test matches from 1962 to 1983, capturing 853 wickets, which included 43 five-wicket hauls and six ten-wicket match hauls. Their magic not only resurrected India as a competitive Test cricket team but also redefined India’s ability to win matches using spin—a skill that dominated opponents on pitches tailored for their artistry.

The culmination of India’s growing self-belief in cricket came with its historic World Cup victory in 1983. Led by the indomitable Kapil Dev, the magic of slow swing bowling combined with fast-medium pace stunned the world. That victory paved the way for a new generation of players who would push India to the pinnacle of global cricket.

India has never lacked talent. Following the legends of the 1980s and 1990s like Ganguly, Dravid, Sehwag, Laxman, and Dhoni, the modern era welcomed stars like Kohli, Rohit Sharma, Zaheer Khan, Harbhajan Singh, Anil Kumble, and Yuvraj Singh. These players brought consistency across all formats of the game, ensuring India's dominance in Tests, ODIs, and T20s alike.

Although the talent has kept flowing, the transitions between different generations of players have often posed challenges. Moving from the Kumble-Dhoni era to Kohli-Rohit and now to Gill represents a narrative filled with highs and lows. Each transition brings inherent instability, but the resilience forged in adversity has tempered Indian cricket into a team capable of competing at the highest level.

The current Indian team, led by captain Shubman Gill and coached by Gautam Gambhir, finds itself navigating a challenging junction. With the retirements of stalwarts like Virat Kohli and Rohit Sharma, the team faces a void of experience that is difficult to fill overnight. This transition period has brought its fair share of struggles, as evidenced by a recent loss to England in a Test match where India showed flashes of brilliance but faltered in crucial moments.

The match against England highlighted the vulnerabilities of this transitioning side. Despite scoring five centuries across two innings and bowlers achieving a five-wicket haul, India managed to lose the match—a rarity in cricket.

In the first innings, India posted an impressive 440 for 4 but collapsed to 471 all out, missing an opportunity to capitalize on a strong start. The pattern repeated in the second innings, where the team went from 333 for 5 to 364 all out, handing England a five-wicket victory.

The turning point in both innings was the loss of Rishabh Pant, a key player whose absence exposed India's fragile middle order. Promising talents like Karun Nair and Sai Sudharsan, on whom much hope was pinned, disappointed with batting averages of just 10 and 15, respectively, in the Test.

In the bowling department, Shardul Thakur was underused in the first innings, receiving just six overs. However, his improved performance in the second innings—claiming two wickets in 10 overs—provided a glimmer of hope.

Fielding was another major concern. The team dropped six catches during the match, a glaring issue that reminded fans of the age-old adage, “Catches win matches.” It’s no surprise that such lapses proved costly, as England capitalized on India’s missed opportunities.

This defeat serves as a wake-up call for the captain, coach, and selectors. Transitioning through generations has never been easy, but each setback presents an opportunity for introspection and improvement. The team must analyze its mistakes—whether in batting collapses, bowling strategies, or fielding lapses—and recalibrate its approach.

The road ahead is arduous, but with five more matches to play, India has ample chances to redeem itself. The team's ability to adapt and learn from this defeat will determine whether it emerges stronger or succumbs to the pressures of transition.

Transition is an inevitable part of any team’s journey, and though it often brings pain and disappointment, it also lays the foundation for future success. The Indian cricket team has time and again proven its resilience, overcoming challenges to achieve greatness.

As captain Gill leads the team through this transitional phase, the focus must remain on nurturing new talent, learning from setbacks, and fostering the champion's temperament that has defined Indian cricket for decades. With the support of fans and the determination of players, Team India can rise again—stronger, smarter, and ready to conquer the world stage. Go for it, Team India! ◊◊

Analytical Report

Multilingual Nations and the Conflict of One National Language

‘The Maharashtra government has rolled back the GR mandating Hindi as the third language in primary classes. Chief Minister Devendra Fadnavis announced the cancellation and appointed a committee led by Dr. Narendra Jadhav to review the policy. The panel will submit its recommendations within three months timesofindia.indiatimes.com.’

[By Srikant Pathak]

The recent move by a state government in India to make Hindi compulsory at the primary school level has reignited an old and complex debate: **Can a multilingual nation adopt a single national language?** And if so, what are the social and cultural consequences of such a decision?

This is not merely a linguistic or political issue — it is deeply tied to **democracy, constitutional values, and judicial interpretation.**

Multilingual Nations and the Idea of One National Language

Despite having over 700 languages, **Indonesia** adopted *Bahasa Indonesia* as its national language. Since it was not the mother tongue of any one group, it was seen as a neutral bridge language and gained wide acceptance. Regional languages continued to be respected and used. This case shows that when language is introduced as a tool of communication, not domination, it can unify rather than divide.

In stark contrast, **Pakistan** imposed Urdu as its national language even though Bengali was the mother tongue of the majority population in East Pakistan. This led to widespread protests and the famous Bengali Language Movement, ultimately culminating in the creation of Bangladesh in 1971. Here, the imposition of one language led to political fragmentation.

The **Turkish state enforced** Turkish as the sole national language, marginalizing Kurdish and other minority languages. This created decades of unrest and alienation, with language suppression turning into a tool of cultural domination.

In China Mandarin was declared the national language, but suppression of Tibetan and Uyghur languages has attracted global criticism. The use of

language as a tool of state power rather than inclusion has led to deep dissatisfaction among minority communities.

The **Philippines** declared Tagalog-based *Filipino* as its national language, but English and other regional languages retained official and educational recognition. This balanced policy prevented major linguistic conflicts.

India's Context: Constitutional and Judicial Standpoints

India has 22 scheduled languages and hundreds of dialects. In such a richly multilingual country, declaring one language as the sole national language is not only impractical, but also runs counter to the **spirit of the Constitution**.

Supreme Court (1992, Rajasthan vs. Union of India):

"Mother-tongue-based education is fundamental for mental development in children. Forcing another language undermines that right."

Madras High Court (2014):

"Making Hindi compulsory infringes on linguistic rights. Language should be offered as a choice, not imposed by compulsion."

Supreme Court (2021, NEP hearings):

"The success of the three-language formula lies in giving due importance to regional languages and cultural identity."

India's Soul Resides in its Linguistic Diversity

India is not a monochrome nation. There is as much poetry in Bengali as there is in Urdu, as much science in Tamil as there is in Sanskrit. In such a country, placing one language above others leads to **emotional alienation and cultural imbalance**.

India must draw lessons from global examples:

When language is imposed, it leads to division (Pakistan).

When language is introduced as an inclusive tool, it fosters unity (Indonesia).

When regional languages are protected by law and respected by the state, nations thrive in harmony (India's ideal).

"India's strength lies in its diversity. Declaring one language as the national language may wound the soul of the nation. What we need is a language policy that connects, not divides."◊◊

एक द्विभाषी कविता

A Silence Greater Than Captivity/

कैद से बड़ा सन्नाटा

[श्रीकांत | Srikant]

अब तुम्हारा आना भी अच्छा नहीं लगता।	Even your return no longer feels welcome.
आँधी, तूफ़ान, हवा के थपेड़े	Storms, winds, and their violent gusts
अब सुकून देते हैं—	now bring comfort—
कम से कम वे भीतर ही भीतर कुछ तो तोड़ते हैं।	at least they shatter something deep within.
हर बात पर चुप रह जाना, अब ही भीतर-भीतर चुभता है।	This constant silence, hurts more with time—
जैसे कांटे से कांटा निकालने की कोशिश में ज़ख्म और गहरे होते हैं।	like trying to pull out a thorn with another thorn, only to deepen the wound.
होंठ तो अपने भी सिले हुए हैं तुम्हारे जाने के बाद,	My lips too have been sealed since you left,
पर यह ख़ामोशी अब कोई रहस्य नहीं,	but this silence is no longer a mystery,
जो कहि ना जाए।	not something left unsaid—

पिंजड़े के पक्षियों का फड़फड़ाना
अच्छा नहीं लगता,

अब पिंजड़ों से छोटे
कैदख़ाने लगते हैं।

सुबह की किरण भी
अब शाम की लगती है,

जब से दिन उंगलियों पर
कुम्हलाने लगे हैं।

मुहूर्तों की गिनती छोड़ दी है,

बस एक साँस की प्रतीक्षा है—
जो दुखती न हो।◊◊

The flutter of caged birds
no longer brings peace.

Even prisons now seem
wider than these invisible cages.

The light of morning
now feels like evening.

Since the days began
to wither on my fingertips,

I’ve stopped counting auspicious hours—

just waiting for one breath
that doesn’t hurt.◊◊

A Strategic Analysis

A Non-Western Bloc? Strategic Prospects of a New Global Alliance

[By Staff Writer]

The 21st century is witnessing a gradual yet profound shift in the global balance of power. The Western-led order—dominated by the United States through alliances like NATO, the G7, and numerous bilateral partnerships—is increasingly being challenged by emerging powers seeking a multipolar world.

Amid this flux, one compelling question arises:
Can countries as diverse as India, China, Russia, Japan, North Korea, and Cuba come together to form a new global alliance to counter Western dominance?

Today’s geopolitical environment is polarized between liberal democracies advocating open markets and governance reforms, and states emphasizing sovereignty, non-alignment, and alternative developmental models.

The Abraham Accords, for instance, exemplify how regional re-alignments—framed in cultural or religious idioms—can reshape strategic dynamics. Although presented as a pact among Abrahamic faiths, the Accords were ultimately about power—normalizing Israel's ties in the Arab world, containing Iran, and reinforcing American influence in the Middle East.

In contrast, the nations under consideration here—India, China, Russia, Japan, North Korea, and Cuba—exist outside this framework. Their motivations are less ideological and more strategic: resisting Western dominance, promoting multipolarity, and safeguarding national interests.

India, China, and Russia already cooperate through platforms like **BRICS** and the **Shanghai Cooperation Organization (SCO)**. These forums champion multipolarity, development finance, and alternative global governance models.

North Korea and Cuba, long-standing critics of U.S. foreign policy, share historical ties with Russia and China. Their inclusion signals ideological alignment with anti-Western currents.

Japan, although closely allied with the U.S. and embedded within the G7 and NATO frameworks, has lately shown interest in asserting greater strategic autonomy—especially in response to regional tensions.

Despite ideological and structural differences, a shared desire for **"strategic autonomy"** and **"non-Western agency"** offers a faint but real common thread.

Yet, a cohesive alliance remains elusive for several reasons:

India-China Border Disputes: Persistent tensions along the Line of Actual Control (LAC) have severely undermined trust.

Japan's Security Orientation: As a key U.S. ally, Japan views both China and North Korea as existential threats. Its participation in any such bloc is highly improbable under current policies.

Ideological Incompatibility: India and Japan, as vibrant democracies, would face both domestic and international scrutiny if aligned with authoritarian regimes like North Korea and Cuba.

Strategic Redundancies: Bilateral tensions (e.g., India-China, Japan-Russia) limit the possibility of unified strategic goals.

The Abraham Accords succeeded because they were underpinned by a clear and pragmatic agenda: security normalization and power realignment. The religious framing was symbolic, not foundational.

Any new global alliance among the nations discussed would require a similarly cohesive narrative—perhaps centered around:

Sovereign Multipolarity

Non-Interventionism

Global South Solidarity

Only with such a unifying ideology can a diverse coalition withstand internal contradictions and external pressure.

Can these six countries form a viable global alliance?
At present, the answer is no.

Deep-rooted mistrust, geopolitical rivalries, and incompatible political systems make such a formation highly improbable in the near term.

However, as dissatisfaction with the U.S.-led global order intensifies, and as emerging powers seek platforms outside NATO and G7, the **impetus for alternative alignments will grow**.

If India, China, and Russia can overcome bilateral strains and re-establish strategic coordination—and if Japan recalibrates its foreign policy in response to changing regional dynamics—a non-Western alliance may one day materialize.◊◊

[Complied by Kesri Narayan Singh]



- आपने हम पर 30 हजार पाउंड का बम गिरा दिया, और आप चाहते हैं हम बात करें; भड़का ईरान

"You dropped a 30,000-pound bomb on us, and now you want dialogue?" — Iran lashes out.

- प्लेन क्रैश के बाद कर रहे थे पार्टी, एयर इंडिया ने 4 अफसरों से मांगा इस्तीफा

Air India seeks resignation from 4 officers for partying after plane crash.

- Odisha: पुरी में रोकी गई रथयात्रा, आज दोबारा होगी शुरू; घुटन के कारण 625 श्रद्धालु बीमार; नौ की हालत गंभीर

Odisha: Rath Yatra in Puri halted, to resume today; 625 devotees fell ill due to suffocation, 9 in critical condition.

- मानसून में हिमाचल आने वाले पर्यटकों के लिए गुड न्यूज, होटल बुकिंग पर मिलेगी 40% तक की छूट

Good news for tourists heading to Himachal during monsoon: Up to 40% discount on hotel bookings.

- 'कांटा लगा गर्ल' एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का निधन, 42 साल की उम्र में पड़ा दिल का दौरा

'Kanta Laga' actress Shefali Jariwala dies at 42 due to heart attack.

- ब्रिटेन का फाइटर जेट F-35B भारत में ही ठीक होगा: UK से 40 इंजीनियरों की टीम आएगी; केरल में 13 दिन पहले इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी

UK fighter jet F-35B to be repaired in India; 40 engineers arriving after emergency landing in Kerala 13 days ago.

- अहमदाबाद प्लेन क्रैश-जांच टीम में UN अफसर शामिल नहीं होगा: सरकार ने संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव ठुकराया; ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ

UN official won’t join Ahmedabad crash probe: India rejects UN offer; black box data recovered.

- हिमाचल की 90 डिग्री वाली सड़कें देख हैरान हुए रिजिजू: केंद्रीय मंत्री ने शेयर किया VIDEO, बोले- कोई गिरा, तो हड्डी भी नहीं मिलेगी

Rijiju shocked by Himachal’s 90-degree roads; shares VIDEO, says, “If someone falls, even bones won’t be found.”

क्या शक्ति से ही शांति आती है? —

विश्व के विचारकों और नेताओं के दृष्टिकोण

"अब शांति का समय है।"

— डोनाल्ड ट्रम्प (पूर्व राष्ट्रपति, संयुक्त राज्य अमेरिका)

"युद्ध के लिए तैयार रहना शांति बनाए रखने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।"

— जॉर्ज वॉशिंगटन (संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति)

"शांति शक्ति से ही आती है, कभी कमजोरी से नहीं।"

— बेंजामिन नेतन्याहू (प्रधानमंत्री, इज़राइल)

"अगर मुझे कायरता और हिंसा में से चुनना पड़े, तो मैं हिंसा चुनूंगा।"

— महात्मा गांधी

"यह मत सोचो कि मैं पृथ्वी पर शांति लाने आया हूँ। मैं शांति नहीं, बल्कि तलवार लाया हूँ।"

— बाइबल (मत्ती 10:34)

"यदि साँप जहरीला नहीं भी हो, तो उसे विषैला दिखना चाहिए।"

— चाणक्य

ऐतिहासिक दृष्टिकोण:

ऐसे बयान अतीत में भी कई बार दिए गए हैं:

वियतनाम युद्ध के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारी बमबारी के बाद "शांति" की बात की थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध में, पुतिन ने हमले के बाद भी बार-बार "शांति वार्ता" की बात की।

भारत-पाकिस्तान संबंधों में भी, कारगिल युद्ध के बाद मुशर्रफ ने कहा था, "अब आगे से अमन होना चाहिए।"

सरदार जी 3 विवाद: कला, राजनीति और राष्ट्रीय पहचान के बीच टकराव

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव केवल सीमाओं और कूटनीति तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय पहचान, इतिहास और भावनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। आतंकी घटनाओं और सैन्य कार्रवाइयों के बाद राष्ट्रवाद की भावना तीव्र हो जाती है।

जब हानिया आमिर ने "ऑपरेशन सिंदूर" को “कायरता भरा” कहा, तो भारत में कई लोगों ने इसे केवल एक राय नहीं, बल्कि देश के शहीदों और सशस्त्र बलों का अपमान माना।

ऐसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील समय में, कलाकारों के बयान और उनकी उपस्थिति राजनीतिक प्रतीकों में बदल जाती है। यह विवाद केवल सिनेमा तक सीमित नहीं रहा; यह सांस्कृतिक अधिकार और राजनीतिक प्रतीकवाद के संघर्ष को उजागर करता है।

कलाकार अपने सामाजिक प्रभाव से परिचित होते हैं। जब वे राजनीतिक या संवेदनशील मुद्दों पर बोलते हैं, तो उनके बयान अक्सर विवाद का कारण बनते हैं। लोकतंत्र में कलाकारों को अपनी राय रखने का अधिकार होता है, और यही कला की आत्मा है। लेकिन जब बात

संवेदनशील मुद्दों की हो, तो राष्ट्रीय भावनाओं और सुरक्षा चिंताओं को समझना भी आवश्यक होता है।

'सरदार जी 3' विवाद ने यह सवाल उठाया कि क्या हानिया आमिर को अपना बयान देने से पहले राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ को बेहतर ढंग से समझना चाहिए था।

भारत और पाकिस्तान के कलाकारों के अवसरों में असंतुलन दोनों देशों के बीच की राजनीतिक खाई को दर्शाता है। भारत में पाकिस्तानी कलाकारों की मौजूदगी एक सांस्कृतिक पुल के रूप में देखी जाती है, जो साझा विरासत और भाषाई-सांस्कृतिक जुड़ाव पर आधारित है। वहीं पाकिस्तान में राजनीतिक माहौल और सुरक्षा चिंताएं भारतीय कलाकारों के लिए बाधाएं उत्पन्न करती हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और विश्वास बेहद जरूरी है।

यह असंतुलन दर्शाता है कि सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। सोशल मीडिया कलाकारों के बयानों के प्रसार और उस पर प्रतिक्रियाओं को तेज़ी से फैलाने का माध्यम बन गया है।हानिया आमिर का बयान कुछ ही मिनटों में वायरल हो गया, जिससे भावनाएं भड़क उठीं। सोशल मीडिया पर बहिष्कार अभियान और बढ़ते राष्ट्रवाद ने विवाद को और अधिक ज्वलंत बना दिया।

आज कलाकारों की राय केवल व्यक्तिगत नहीं रही; वह अब सार्वजनिक और राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी है। चाहे भारत का फ़िल्म उद्योग हो या पाकिस्तान का, वह राजनीतिक दबावों और सामाजिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है।

जब पाकिस्तानी कलाकार 'सरदार जी 3' जैसी फिल्मों में दिखाई देते हैं, तो राजनीतिक घटनाक्रम फिल्म की सफलता और रिलीज़ को प्रभावित करते हैं।

निर्माता और कलाकार कई बार आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दबावों के कारण निर्णय लेते हैं, जो सांस्कृतिक स्वतंत्रता को सीमित कर देते हैं। यह स्थिति फ़िल्म उद्योग के लिए एक निरंतर चुनौती बनी रहती है।

‘सरदार जी 3’ विवाद केवल एक फ़िल्म या कलाकार के बयान का मामला नहीं है; यह भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिरोध को दर्शाता है।

यह स्पष्ट करता है कि कला और राजनीति आज किस हद तक एक-दूसरे से जुड़ चुके हैं, जहाँ किसी कलाकार का बयान एक संवेदनशील सामाजिक मुद्दा बन जाता है।◊◊

संपादकीय

सीज़फायर के बाद दोनों पक्ष खुद को विजेता क्यों बताते हैं

सरकारों को अपने नागरिकों के सामने शक्ति का प्रदर्शन करना होता है। आमतौर पर युद्धविराम (सीज़फायर) किसी तीव्र सैन्य संघर्ष के बाद ही आता है। ऐसे में कोई भी पक्ष हार मानना नहीं चाहता—खासकर तब, जब जानें गई हों और राष्ट्रीय गौरव दांव पर लगा हो।

विजय का दावा करने से जनता का मनोबल बना रहता है और नेताओं को राजनीतिक आलोचनाओं से बचने में मदद मिलती है।

ईरान-इज़राइल संघर्ष:

ईरान ने "इज़रायली आक्रामकता को रोकने" का दावा किया, जबकि इज़राइल ने कहा कि उसने "अधिकांश हमलों को सफलतापूर्वक रोक लिया और खतरों को निष्क्रिय किया"।

दोनों ने अपने-अपने देश में सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता को दर्शाने वाली कहानी गढ़ी, जिससे आंतरिक वैधता को बल मिला।

रणनीतिक अस्पष्टता (Strategic Ambiguity)

युद्धों में विजेता हमेशा स्पष्ट नहीं होता—खासकर सीमित या प्रॉक्सी युद्धों में। सीज़फायर इस वजह से होता है कि आगे का संघर्ष बहुत खतरनाक

हो सकता है, न कि इसलिए कि कोई साफ़ तौर पर जीत गया हो।
विजय का दावा करके देश उन समझौतों को छुपाते हैं, जो पर्दे के पीछे किए गए होते हैं।
राज्य-नियंत्रित या सरकार-समर्थक मीडिया अक्सर "हम जीत गए" जैसी खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। तानाशाही या अत्यधिक राष्ट्रवादी देशों में तो विरोधी राय को दबा दिया जाता है।

सैन्य संदेश और डर की राजनीति (Deterrence)

दोनों देश भविष्य के हमलों को रोकने के लिए खुद को मज़बूत दिखाना चाहते हैं।
अगर कोई भी पक्ष कमजोरी दिखाता है, तो इससे न केवल विरोधी बल्कि देश के अंदर के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी हिम्मत पकड़ सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'इज़्ज़त' बचाना

सीज़फायर के बाद देश मित्र देशों और वैश्विक संस्थाओं की निगाहों में होते हैं।
ऐसे में विजय का दावा करने से उनकी अंतरराष्ट्रीय छवि बनी रहती है और भविष्य की कूटनीतिक बातचीत में फायदा मिलता है।

ईरान-इज़राइल युद्ध हो या कोई और युद्ध—इसमें वास्तविकता से ज़्यादा धारणा (perception) मायने रखती है।
वास्तविकता एक रणनीतिक गतिरोध (strategic stalemate) हो

सकती है, लेकिन दोनों पक्ष इसे “विजय” के रूप में प्रचारित करते हैं—अपने राजनीतिक, मानसिक और कूटनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए।◊◊

वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण उर्फ़: गुरूदत्त

(09/07/1925 - 10/10/1964)

[शिवाँशु माली टुनटुन द्वारा]

गुरूदत्त का जन्म कोंकण क्षेत्र के चित्रापुर शैव ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके माता-पिता शिक्षक थे, अतः शिक्षा और संस्कृति की विरासत उन्हें बचपन से ही मिली। इसका प्रभाव उनकी साहित्यिक एवं कलात्मक चेतना पर स्पष्ट रूप से दिखता है।

उनका बाल्यकाल कोलकाता के भवानीपुर में बीता, जहाँ का सांस्कृतिक वातावरण उनकी सोच को गहराई और बौद्धिकता देता गया। माता-पिता के पारिवारिक तनाव और आर्थिक संघर्षों से उत्पन्न मानसिक दबाव के कारण उन्होंने अपना मूल नाम बदलकर ‘गुरूदत्त’ रख लिया — एक ऐसा नाम, जो आगे चलकर भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमर हो गया।

जीवन की सोलहवीं वसंत में वे अल्मोड़ा गए, जहाँ उन्हें ₹75 की छात्रवृत्ति पर नृत्य, संगीत और रंगमंच की शिक्षा प्राप्त हुई। कोलकाता लौटकर उन्होंने टेलीफोन ऑपरेटर की नौकरी की, किंतु यह काम उनके

रचनात्मक स्वभाव को संतुष्ट नहीं कर पाया। जल्द ही वे मायानगरी मुंबई आ गए।

मुंबई में उन्होंने प्रभात फिल्म कंपनी, पुणे में अनुबंधित कोरियोग्राफर के रूप में कार्य शुरू किया। इसी कंपनी की फिल्म *चाँद* में उन्होंने छोटा सा अभिनय भी किया। यहीं उनकी मुलाकात व्ही. शांताराम की कला मंदिर कंपनी में अभिनेता रहमान और देवानंद से हुई — तीनों की यह मित्रता आगे चलकर अनेक फिल्मों की प्रेरणा बनी।

कोरियोग्राफर और अभिनेता के रूप में अनुभव प्राप्त करने के बाद वे सहायक निर्देशक भी बने और निर्देशन की बारीकियाँ सीखीं। एक समय ऐसा भी आया जब उन्होंने फिल्म-जगत से अलग होकर अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिका *The Illustrated Weekly* के लिए लघुकथाएँ लिखना शुरू किया। इसी दौर में उन्होंने अपने जीवन-संघर्ष पर आधारित एक गंभीर पटकथा "कशमकश" लिखी, जो बाद में *प्यासा* (1957) के रूप में फिल्मायी गई — एक कृति जिसने उन्हें अमर निर्देशक के रूप में स्थापित कर दिया।

उन्होंने 1951 में *बाज़ी* से निर्देशन की शुरुआत की, जो उनकी भावनात्मक और कलात्मक दृष्टि की मजबूत नींव बनी। इसके बाद *जाल* (1952), *मिस्टर एंड मिसेज़ 55* (1955), *प्यासा* (1957), *कागज़ के फूल* (1959) जैसी फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को क्लासिक सौंदर्यबोध

दिया। *कागज़ के फूल* भारत की पहली सिनेमास्कोप फिल्म मानी जाती है, जो अपनी विफलता के बावजूद कालजयी बन गई।

गुरूदत्त का कैमरा सदैव भावनाओं का सजीव प्रतिबिंब बनता रहा। उनकी दादी की पूजा की आरती की लौ में हथेलियों की छाया से खेलते हुए जो सौंदर्य-बोध बचपन में जागा, वही आगे चलकर क्लोज़-अप शॉट्स और प्रकाश-छाया के अद्भुत संयोजन में फिल्म-कला का शिखर बन गया।

उनकी अन्य उल्लेखनीय फिल्में *कालाबाज़ार*, *चौदहवीं का चाँद* (1960), *साहब बीवी और ग़ुलाम* (1962), *भरोसा* (1963), और *सुहागन* (1964) रही हैं। इन फिल्मों में उन्होंने अभिनय के साथ-साथ निर्देशन या निर्माण का भी उत्तरदायित्व संभाला।

हालाँकि वे एक सफल निर्देशक, लेखक, कोरियोग्राफर और अभिनेता थे, किन्तु उनका निजी जीवन अंतर्द्वंद्वों से भरा रहा। संबंधों में अस्थिरता, प्रेम और दूरी, आत्महत्या के दो प्रयास और अन्ततः अवसाद ने उन्हें घेर लिया।

10 अक्तूबर 1964 को, अत्यधिक शराब और नींद की गोलियों के सेवन के कारण उनका निधन हो गया। वे मुंबई के पेडर रोड स्थित अपने आवास में मृत पाए गए।

गुरूदत्त एक अद्वितीय कलाकार थे, जिनकी रचनात्मकता, संवेदनशीलता और दुःख की सौंदर्यता आज भी भारतीय सिनेमा में एक आदर्श की तरह जीवित है।◊◊

भारतीय क्रिकेट टीम की यात्रा

भारतीय क्रिकेट टीम का परिवर्तन उत्कर्ष, चढ़ाव और पुनरुत्थान का सफ़र

[त्रिभुवन चौबे द्वारा]

भारत में क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है; यह एक भावना है, एक परंपरा है, और कई पीढ़ियों के दिग्गजों द्वारा लिखी गई जीत और संघर्ष की कहानी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने शानदार शिखर देखे हैं और दिल दहला देने वाले उतार-चढ़ाव भी सहे हैं। अपने पूरे इतिहास में, टीम को असाधारण प्रतिभाओं का आशीर्वाद मिला है, जिन्होंने न केवल खेल को ऊंचा उठाया है, बल्कि क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में अपनी विरासत को मजबूत किया है।

जब ऑस्ट्रेलिया ने डॉन ब्रैडमैन की प्रतिभा का बखान किया, तो भारत ने बल्लेबाज़ी के उस्ताद सचिन तेंदुलकर को जवाब दिया। इसी तरह, जबकि वेस्टइंडीज़ के पास गारफील्ड सोबर्स थे, भारत को सुनील गावस्कर में इसका जवाब मिला। स्पिन गेंदबाज़ी के क्षेत्र में, जबकि शेन

वॉर्न ऑस्ट्रेलिया की महान स्पिन कला का चेहरा बन गए, भारत ने शानदार चौकड़ी के साथ जवाब दिया: बिशन सिंह बेदी, भगवत चंद्रशेखर, इरापल्ली प्रसन्ना और श्रीनिवास वेंकटराघवन।

इस शानदार स्पिन चौकड़ी ने भारत के क्रिकेट की कहानी को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्येक गेंदबाज़ ने अपनी अलग शैली पेश की। बेदी की परंपरागत बाएं हाथ की स्पिन ने सटीकता और चालाकी से बल्लेबाजों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि चंद्रशेखर की लेग-ब्रेक और घातक गुगली ने बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। प्रसन्ना और वेंकटराघवन, दोनों ऑफ-स्पिनर, ने अपना अनूठा स्पर्श जोड़ा, जिससे विपक्षी बल्लेबाजों को लगातार अपनी तकनीक और रणनीतियों को फिर से जांचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इन चारों ने मिलकर 1962 से 1983 तक 231 टेस्ट मैच खेले और 853 विकेट हासिल किए, जिसमें 43 बार पांच विकेट और छह बार दस विकेट शामिल हैं। उनके जादू ने न केवल भारत को एक प्रतिस्पर्धी टेस्ट क्रिकेट टीम के रूप में पुनर्जीवित किया बल्कि स्पिन का उपयोग करके मैच जीतने की भारत की क्षमता को भी फिर से परिभाषित किया- एक ऐसा कौशल जिसने विरोधियों को उनकी कलात्मकता के लिए तैयार की गई पिचों पर हावी कर दिया। क्रिकेट में भारत के बढ़ते आत्मविश्वास की परिणति 1983 में ऐतिहासिक विश्व कप जीत के साथ हुई। अदम्य कपिल देव के नेतृत्व में तेज-मध्यम गति के साथ धीमी स्विंग गेंदबाजी

के जादू ने दुनिया को चकित कर दिया। उस जीत ने खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त किया,

भारत में प्रतिभा की कभी कमी नहीं रही। गांगुली, द्रविड़, सहवाग, लक्ष्मण और धोनी जैसे 1980 और 1990 के दशक के दिग्गजों के बाद, आधुनिक युग ने कोहली, रोहित शर्मा, ज़हीर खान, हरभजन सिंह, अनिल कुंबले और युवराज सिंह जैसे सितारों का स्वागत किया। इन खिलाड़ियों ने खेल के सभी प्रारूपों में निरंतरता लाई, जिससे टेस्ट, वनडे और टी20 में भारत का दबदबा सुनिश्चित हुआ। हालाँकि प्रतिभा का प्रवाह जारी रहा है, लेकिन खिलाड़ियों की विभिन्न पीढ़ियों के बीच बदलाव ने अक्सर चुनौतियाँ पेश की हैं। कुंबले-धोनी युग से कोहली-रोहित और अब गिल तक का सफर उतार-चढ़ाव से भरा एक आख्यान प्रस्तुत करता है। प्रत्येक बदलाव अंतर्निहित अस्थिरता लाता है, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों में विकसित लचीलेपन ने भारतीय क्रिकेट को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम में बदल दिया है। कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व वाली और गौतम गंभीर द्वारा प्रशिक्षित वर्तमान भारतीय टीम खुद को एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर पा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद, टीम के सामने अनुभव की कमी है जिसे रातों-रात भरना मुश्किल है। इस बदलाव के दौर में संघर्षों का दौर भी आया है, जैसा कि हाल ही में इंग्लैंड

के खिलाफ टेस्ट मैच में मिली हार से पता चलता है, जहां भारत ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में लड़खड़ा गया।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच ने इस परिवर्तनशील टीम की कमजोरियों को उजागर किया। दो पारियों में पांच शतक बनाने और गेंदबाजों द्वारा पांच विकेट हासिल करने के बावजूद, भारत मैच हारने में कामयाब रहा - क्रिकेट में ऐसा होना दुर्लभ है। पहली पारी में, भारत ने 4 विकेट पर 440 रन बनाए, लेकिन 471 रन पर ढेर हो गया, जिससे मजबूत शुरुआत का फायदा उठाने का मौका चूक गया। दूसरी पारी में भी यही पैटर्न दोहराया गया, जहां टीम 5 विकेट पर 333 से 364 रन पर ऑल आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को पांच विकेट से जीत मिली। दोनों पारियों में टर्निंग पॉइंट ऋषभ पंत का जाना था, जो एक प्रमुख खिलाड़ी थे, जिनकी अनुपस्थिति ने भारत के कमजोर मध्य क्रम को उजागर किया। करुण नायर और साई सुदर्शन जैसे होनहार प्रतिभाएं, जिनसे बहुत उम्मीदें जुड़ी थीं, टेस्ट में क्रमशः केवल 10 और 15 के बल्लेबाजी औसत से निराश हुईं। गेंदबाजी विभाग में, शार्दुल ठाकुर को पहली पारी में कम इस्तेमाल किया गया, उन्हें केवल छह ओवर मिले। हालाँकि, दूसरी पारी में उनके बेहतर प्रदर्शन - 10 ओवर में दो विकेट - ने आशा की एक किरण प्रदान की त्ररक्षण भी एक बड़ी चिंता थी। मैच के दौरान टीम ने छह कैच छोड़े, एक ऐसा मुद्दा जिसने प्रशंसकों को सदियों पुरानी कहावत की याद दिला दी, "कैच से मैच जीते जाते हैं।" यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि

इस तरह की चूक महंगी साबित हुई, क्योंकि इंग्लैंड ने भारत के छूटे हुए अवसरों का फायदा उठाया। यह हार कप्तान, कोच और चयनकर्ताओं के लिए एक चेतावनी है। पीढ़ियों के बीच बदलाव कभी आसान नहीं रहा, लेकिन हर झटका आत्मनिरीक्षण और सुधार का अवसर प्रस्तुत करता है। टीम को अपनी गलतियों का विश्लेषण करना चाहिए - चाहे वह बल्लेबाजी में विफलता हो, गेंदबाजी की रणनीति हो या क्षेत्ररक्षण में चूक हो - और अपने दृष्टिकोण को फिर से समायोजित करना चाहिए। आगे की राह कठिन है, लेकिन पांच और मैच खेलने के साथ, भारत के पास खुद को सुधारने के पर्याप्त मौके हैं। इस हार से अनुकूलन और सीखने की टीम की क्षमता यह निर्धारित करेगी कि यह मजबूत बनकर उभरेगी या बदलाव के दबाव में आ जाएगी। बदलाव किसी भी टीम की यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है, और हालांकि यह अक्सर दर्द और निराशा लाता है, यह भविष्य की सफलता की नींव भी रखता है। भारतीय क्रिकेट टीम ने महानता हासिल करने के लिए चुनौतियों पर काबू पाते हुए बार-बार अपनी लचीलापन साबित किया है। कप्तान गिल इस संक्रमणकालीन दौर से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, इसलिए ध्यान नई प्रतिभाओं को निखारने, असफलताओं से सीखने और चैंपियन के स्वभाव को बढ़ावा देने पर होना चाहिए, जिसने दशकों से भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया है। प्रशंसकों के समर्थन और खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प के साथ, टीम इंडिया फिर से उभर सकती है - और अधिक मजबूत,

होशियार और विश्व मंच पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार। आगे बढ़ो, टीम इंडिया!◊◊

विश्लेषणात्मक रिपोर्ट

बहुभाषी देश और एक राष्ट्रभाषा का द्वंद्व

‘महाराष्ट्र सरकार ने प्रारंभिक कक्षाओं में हिंदी अनिवार्य करने वाली तीन-भाषा नीति की सरकारी प्रस्ताव (GR) को वापस ले लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे निरस्त करते हुए डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की घोषणा की है। समिति तीन माह में नीति की समीक्षा कर अपनी सिफारिशें मुख्यमंत्री को सौंपेगी। swadesi.com+1timesofindia.indiatimes.com+1

[श्रीकांत पाठक द्वारा]

भारत में हिन्दी को प्राथमिक शिक्षा में अनिवार्य बनाने के निर्णय के विरुद्ध उठे स्वर केवल भाषायी असहमति नहीं हैं, बल्कि वे एक गहरे लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा हैं — कि क्या **बहुभाषी देश एकमात्र राष्ट्रभाषा अपना सकते हैं**, और यदि हाँ, तो उस निर्णय के सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव क्या होते हैं?

दुनिया के बहुभाषी देश और एक राष्ट्रभाषा नीति: 700 से अधिक भाषाओं वाले **इंडोनेशिया ने** *बाहासा* को राष्ट्रभाषा बनाया, जो किसी की

मातृभाषा नहीं थी। इस कारण यह सभी के लिए तटस्थ रही और आसानी से स्वीकार की गई। क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान रूप से स्थान मिला। यह उदाहरण बताता है कि अगर भाषा को संपर्क माध्यम के रूप में बिना वर्चस्व के प्रस्तुत किया जाए, तो वह राष्ट्र को जोड़ सकती है।

पाकिस्तान में उर्दू को राष्ट्रभाषा बनाए जाने पर बांग्ला भाषी पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उग्र विरोध हुआ। यह आंदोलन इतना गहरा हुआ कि अंततः 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ। यह बताता है कि बहुभाषी देश में यदि बहुसंख्यक की भाषा को दबाया जाए, तो एकता की जगह अलगाव पैदा होता है।

तुर्की ने तुर्की भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में थोपने की कोशिश की, जिससे कुर्दिश भाषी समुदाय में विद्रोह और असंतोष फैला। दशकों तक आतंकवाद और दमन की घटनाएँ होती रहीं। यहाँ भी एक भाषा नीति ने समाज को बाँटने का काम किया।

चीन ने मंदारिन को राष्ट्रभाषा बना दिया गया, लेकिन तिब्बती और उइगर समुदायों की भाषाओं और पहचान को दबाने से वैश्विक आलोचना और स्थानीय असंतोष पनपा। यहाँ राष्ट्रभाषा का प्रयोग सत्ता का उपकरण बन गया।

फिलीपींस में टगालोग आधारित *फिलिपीनो* को राष्ट्रभाषा घोषित किया गया, लेकिन अंग्रेज़ी और अन्य भाषाओं को भी शिक्षण व प्रशासन में मान्यता मिली। यह संतुलित नीति थी, जिससे भाषा विवाद नहीं बना।

भारत का संदर्भ: संविधान और न्यायपालिका की दृष्टि से

भारत में 22 अनुसूचित भाषाएँ और सैकड़ों बोलियाँ हैं। ऐसे देश में एक ही भाषा को 'राष्ट्रभाषा' बनाना न केवल व्यावहारिक रूप से कठिन है, बल्कि यह **संविधान की आत्मा के भी विरुद्ध** है एक वर्ग ऐसा मानता हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 1992 में (राजस्थान बनाम संघ सरकार) कहा:

"मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास के लिए सर्वोत्तम है। किसी भी अन्य भाषा को थोपना अनुचित होगा।"

मद्रास हाईकोर्ट (2014) ने टिप्पणी की:

हिन्दी को अनिवार्य बनाना भाषाई अधिकारों का हनन है। भाषा को सीखने का विकल्प देना चाहिए, बाध्यता नहीं।"

सुप्रीम कोर्ट (2021) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सुनवाई के दौरान कहा:

"तीन-भाषा नीति तभी टिकाऊ है जब वह क्षेत्रीय भाषाओं और सांस्कृतिक अस्मिता को प्राथमिकता देती है।"

बहुभाषा में ही भारत की आत्मा बसती है

भारत कोई एकरंगी राष्ट्र नहीं है। यहाँ बंगाली में भी उतनी ही कविता है जितनी उर्दू में, तमिल में भी उतनी ही विज्ञान की शक्ति है जितनी संस्कृत में। ऐसी धरती पर एक भाषा को ऊपर या नीचे रखना **संवेदनात्मक और सामाजिक असंतुलन** को जन्म देगा।

भारत को चाहिए कि वह अन्य बहुभाषी देशों के अनुभव से सीखे।

जब भाषा थोपने की वस्तु बनती है, तब वह विभाजन का कारण बनती है (पाकिस्तान)।

जब भाषा को संवाद और समावेश के साधन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तब वह राष्ट्रीय एकता को मजबूती देती है (इंडोनेशिया)।

और जब क्षेत्रीय भाषाओं को संविधान और न्यायपालिका से संरक्षण मिलता है, तभी एक राष्ट्र सभी आवाज़ों को जगह दे पाता है (भारत का आदर्श).

"भारत की आत्मा उसकी विविधता में है। एक भाषा को राष्ट्रभाषा बनाकर हम उस आत्मा को घायल कर देंगे। हमें ऐसी भाषा नीति चाहिए जो जोड़ती हो, बाँटती नहीं।"◊◊

एक रणनीतिक विश्लेषण

एक वैकल्पिक वैश्विक गठबंधन? भारत-चीन-रूस-जापान जैसे देशों की रणनीतिक संभावनाएँ

21वीं सदी में वैश्विक शक्ति संतुलन धीरे-धीरे लेकिन गहराई से बदल रहा है। अमेरिका के नेतृत्व में स्थापित पश्चिमी व्यवस्था—NATO, G7 और द्विपक्षीय साझेदारियों के माध्यम से—अब उभरते राष्ट्रों की चुनौती का सामना कर रही है, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत कर रहे हैं।

इसी पृष्ठभूमि में एक महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है:

क्या भारत, चीन, रूस, जापान, उत्तर कोरिया और क्यूबा जैसे विविध देश मिलकर एक ऐसा वैश्विक गठबंधन बना सकते हैं जो पश्चिमी प्रभुत्व को संतुलित कर सके?

आज की भू-राजनीति दो ध्रुवों में बंटी हुई है—एक ओर खुले बाज़ारों और लोकतांत्रिक शासन की वकालत करने वाले पश्चिमी देश, और दूसरी ओर संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और वैकल्पिक विकास मॉडल को प्राथमिकता देने वाले राष्ट्र।

अब्राहम समझौते (Abraham Accords) इसका एक उदाहरण हैं, जहाँ सांस्कृतिक/धार्मिक प्रतीकों के माध्यम से मध्य-पूर्व में रणनीतिक संतुलन साधा गया। हालांकि यह समझौते धार्मिक एकता पर आधारित प्रतीत होते हैं, पर वास्तव में इनका उद्देश्य था—इस्राइल को मान्यता दिलाना, ईरान को संतुलित करना, और अमेरिकी प्रभाव को विस्तार देना।

इसके विपरीत, भारत, चीन, रूस, जापान, उत्तर कोरिया और क्यूबा जैसे देश किसी धार्मिक फ्रेमवर्क के तहत नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता और राष्ट्रीय हितों के आधार पर संभावित गठबंधन की ओर बढ़ सकते हैं।

भारत, चीन और रूस पहले से ही **BRICS** और **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** जैसे मंचों में साथ काम कर रहे हैं, जो बहुध्रुवीयता, वैकल्पिक विकास वित्त, और गैर-पश्चिमी वैश्विक संरचना को बढ़ावा देते हैं।

उत्तर कोरिया और क्यूबा लंबे समय से अमेरिका-विरोधी रुख अपनाए हुए हैं और उनके चीन और रूस से पुराने संबंध भी हैं।

हालांकि जापान वर्तमान में G7 और अमेरिकी गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन हाल के वर्षों में उसने **रणनीतिक स्वायत्तता** की ओर कुछ संकेत दिए हैं—विशेषकर क्षेत्रीय तनावों के मद्देनज़र।

इन सबके बीच, "रणनीतिक स्वायत्तता" और "गैर-पश्चिमी एजेंसी" की एक साझा आकांक्षा, एक संभावित वैचारिक सूत्र बन सकती है।

हालांकि यह विचार आकर्षक है, इसकी व्यवहारिकता कई कारणों से सीमित है:

भारत-चीन सीमा विवाद: आपसी विश्वास की सबसे बड़ी कमी इसी मोर्चे पर है।

जापान की सुरक्षा नीति: जापान चीन और उत्तर कोरिया को ख़तरा मानता है और अमेरिका का प्रमुख सहयोगी है।

राजनीतिक असंगतियाँ: भारत और जापान जैसे लोकतंत्र, उत्तर कोरिया और क्यूबा जैसे बंद और अधिनायकवादी देशों के साथ सार्वजनिक गठबंधन से बचना चाहेंगे।

द्विपक्षीय मतभेद: भारत-चीन और जापान-रूस के बीच मौजूद तनाव, साझा रणनीति को कमजोर करते हैं।

अब्राहम समझौतों से सबक

अब्राहम समझौते सफल हुए क्योंकि उनके पीछे एक स्पष्ट और व्यावहारिक एजेंडा था—सुरक्षा, पहचान और शक्ति संतुलन। धार्मिक ढांचा मात्र प्रतीकात्मक था।

यदि भविष्य में कोई गैर-पश्चिमी गठबंधन बनता है, तो उसे भी एक स्पष्ट वैचारिक आधार चाहिए होगा—जैसे:

संप्रभु बहुध्रुवीयता (Sovereign Multipolarity)

गैर-हस्तक्षेपवाद (Non-Interventionism)

वैश्विक दक्षिण की आवाज़ (Voice of the Global South)

तो क्या ये छह देश मिलकर एक ठोस वैश्विक गठबंधन बना सकते हैं?

वर्तमान परिस्थितियों में, उत्तर है—**नहीं**।

गहरी अविश्वास की खाई, वैचारिक असमानता और रणनीतिक विरोधाभास इस तरह के गठबंधन को फिलहाल अव्यवहारिक बनाते हैं।

फिर भी, जैसे-जैसे पश्चिमी व्यवस्था से असंतोष बढ़ेगा और NATO/G7 जैसे मंच आक्रामक रूप में उभरते रहेंगे, **गैर-पश्चिमी विकल्पों की आवश्यकता** बढ़ेगी।

यदि भारत, रूस और चीन आपसी मतभेद सुलझा लें, और जापान अपनी विदेश नीति में लचीलापन दिखाए, तो भविष्य में एक *गैर-पश्चिमी गठबंधन* की कल्पना असंभव नहीं है।

यह अब्राहम समझौतों जैसा नहीं होगा, लेकिन उसका समानांतर बन सकता है—**वैश्विक शक्ति समीकरणों को पुनः परिभाषित करने वाला मंच**।◊◊

"Heartfelt wishes to all readers of *Narad* on the auspicious occasion of Rath Yatra."

"रथ यात्रा के पावन अवसर पर नारद के सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं।"



Photo forwarded by Kesri Naryan Singh

Design and technical support: Kamala Krishnamurthy
Editor: Srikant Pathak phone +1(516)-421-5558
+1(929)-404-1109
Published online by Saptahiknarad.com
E-mail srikantpat1953@gmail.com

◊◊Please send your articles by Friday night – help us make the weekly edition complete!"

◊◊"कृपया अपने लेख शुक्रवार रात तक भेजें – साप्ताहिक अंक को सम्पूर्ण बनाने में सहयोग करें!"

Saptāhik Narad
The only known bilingual news magazine in Hindi and English, published weekly online from New York, USA. Visit: SaptahikNarad.com